मगरे क्षेत्र के ग्रामीण खेती के साथ पशुपालन व्यवसाय पर देवे जोर : चौधरी

■ अजमेर डेयरी अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी का ग्रामीणों ने किया सम्मान

अजमेर,(कासं)। अजमेर डेयरी अध्यक्ष रामचन्द्र चौधरी को इंडियन डेयरी एसोसिएशन फैलोशिप अवार्ड मिलने पर गुरुवार को ग्राम तिबारा पंचायत समिति मसूदा मगरा क्षेत्र पहुंचने पर ग्रामीणों ने कार्यक्रम जोरदार स्वागत व सम्मानित किया।

अजमेर डेयरी अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी को नेशनल अवार्ड इंडियन डेयरी एसोसिएशन फैलोशिप अवार्ड मिलने पर ग्राम तिबारा मगरा क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा गुरुवार को भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर रामचन्द्र चौधरी ने सभा को सम्बोधित कहा कि मगरे के ग्रामीणजन पथर तोडने का व्यवसाय एवं छोटी जोत कि खेती के अतिरिक्त पशुपालन के व्यवसाय पर जोर देवे। उन्होंने कहा कि अजमेर डेयरी द्वारा वर्तमान में दुग्ध का खरीद मूल्य देश में सर्वाधिक दिया जा रहा है, इतना ही नहीं अजमेर डेयरी का आधुनिक प्लांट भी देश में सर्वोच्च स्थान पर है। इसके दुग्ध उत्पाद पूरे देश में अलग-अलग स्थानों पर मंगवाये जा रहे है।

डेयरी अध्यक्ष चौधरी का साफा पहनाकर स्वागत व अभिनंदन करते ग्रामीण।

चौधरी ने कहा कि पूर्व की राज्य सरकार द्वारा 5 रुपए प्रति लीटर मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक सम्बल योजना के जो पशुपालको को दिए जा रहे है, वह पूरे देश में अपनी अलग ही पहचान बनाए रखा है। इसके अतिरिक्त अजमेर डेयरी द्वारा रियायती दर पर रिजके का बीज, ज्वार का बीज, सेक्स सोर्टेड सीमन, गाय भैस खरीदने के लिए ऋण, पशुधन का बीमा एवं पशु आहार के साथ मिनरल मिक्सचर विद्यालयों में दूध सप्लाई आदि कार्यक्रम युद्ध स्तर पर चलाए जा रहे है।

कार्यक्रम में सुभान काठात सरपंच झाक, पूर्व सरपंच मोहन काठात झाक, सरपंच सुलतान नाडी, लाला सरपंच उत्तमी, मनफूल सरपंच नयागांव, मांगीलाल पूर्व सरपंच धोलादांता, समदा काठात, बुद्ध काठात राघपुरा, सायर काठात अध्यक्ष गाजीजी की डांग, हवलदार सुलेमान फौजी, रामसिंह सचिव खीमपूरा डेयरी, पप्पु काठात, पीरू काठात, सरदार काठात, मानसिंह, अलानूर, अजीत काठात, पूर्व सरपंच हरराजपुरा, बाबू काठात, बन्ना काठात सहित बड़ी संख्या में गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में चौधरी का स्वागत व अभिनंदन किया गया।

नाईट्रोजन गैस काण्ड के बाद प्रशासन सक्रिय

ब्यावर (निसं) उपखण्ड अधिकारी के निर्देशानुसार शहर में संचालित बैट्री उधोग व केमिकल फैक्ट्री की जॉच हेतु गठित कमेटी द्वारा दी गई मौका रिपोर्ट के आधार पर किशनगंज निवासी संचालक मंगत सिंह पुत्र गुरूसंगत सिंह द्वारा खसरा नं. 201/01 प्लाट नं. 21 क्षेत्रफल 263.33 वर्गगज मिशन कम्पाउंड कोलोनी, चांग गेट पुलिस क्वाटर के पीछे दुकान / गोदामनुमा भवन में बैट्री बनाने व बेचने का कार्य किया जा रहा है। उक्त परिसर का किसी भी प्रकार का भू-उपयोग परिवर्तन नहीं हुआ है और न ही अग्निशमन विभाग का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किया है। चूंकि सक्षम स्वीकृति के बिना उक्त परिसर में चलाई जा रही गतिविधियां अवैध / अवांछनीय मानी गई उसे सीज कार्यवाही में शामिल कर लिया गया।प्रशासन द्वारा हिदायत दी गई है की कोई भी व्यक्ति सीज किये गये परिसर में किसी भी प्रकार की गतिविधि न करें ना ही सीज एवं ताले से छेडछाड करें। यदि किसी व्यक्ति द्वारा सीज किये गयें परिसर में कोई भी गतिविधि की गई अथवा सीज किये गये।

1121 कन्याओं के चरण वंदन

■ राजपूत छात्रावास मंदिर में की पूजा अर्चना

अजमेर, (कासं)। लायंस क्लब अजमेर प्रीमियम के तत्वावधान में गुरुवार को कुंदन नगर स्थित राजपूत छात्रावास मंदिर परिसर में 1121 कन्याओं को माताजी के स्वरूप चरण वंदन कर उनके भोजन की व्यवस्था की। शहर की विभिन्न स्कूलों, गरीब बस्तियों एवं अन्य जगहों पर संस्था के पदाधिकारीयों ने जाकर कन्याओं का पूजन करते हुए भोजन पैकेट वितरित किए।

संस्था के अध्यक्ष अजय गोयल ने बताया कि संस्कार निर्माण कार्यक्रम के तहत बालिकाओं का पूजन करते हुए उन्हें भोजन खिलाया साथ ही दक्षिणा भी भेंट की गई। इस अवसर पर राजपूत छात्रावास स्थित माताजी के मंदिर में भव्य आरती में संस्था के सभी पदाधिकारी, सदस्यों एवं उनके परिवारजन ने पूजा अर्चना कर प्रसाद ग्रहण किया।

गोयल ने बताया कि आरती के उपरांत शहर के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित स्कूलों, कच्ची बस्तियों, अर्जुन लाल सेठी नगर, मंगलम पैलेस पेरिस परिसर के पास कच्ची बस्ती एवं अन्य जगह पर पैकेट वितरण करने के लिए सदस्यों को जिम्मेदारी सौंप गई।

इससे पूर्व समारोह में उपस्थित वार्ड 57 के पार्षद रणजीत सिंह नरूका, राजपूत छात्रावास के उपाध्यक्ष महावीर सिंह गौड़, अंतर्राष्ट्रीय बास्केटबॉल खिलाड़ी एवं तकनीकी अधिकारी विनीत लोहिया तथा प्रभा लोहिया का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

आम सूचना

हमारी फर्म गंगवाल स्टोनेक्स ई 72-73 IVth फेस पर्यावरण रोड़ रिको, मदनगंज-किशनगढ़ 305801 जिला अजमेर इस फर्म में (1) प्रेमचंद गंगवाल (2) सुभाष चंद गंगवाल (3) राकेश गंगवाल (4) विकास गंगवाल (5)आशीष गंगवाल (6) एकता जैन (7) अमिता जैन (8) अनिता गंगवाल (9) रचना जैन पार्टनर है। दिनांक 31 मार्च 2025 को फर्म में से 5 पार्टनरो ने स्वेछिक रूप से फर्म से पार्टनरशिप छोड़ दी है। इनमे (1) रमेश चंद गंगवाल (2) भंवरी देवी (3) सुरेखा जैन (4) अमित गंगवाल (5) धीरज गंगवाल शामिल है। इस संबंध में किसी व्यक्ति संस्था को आपत्ति हो तो 7 दिवस में अपनी आपत्ति दर्ज करायें, बाद मियाद कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

पवन कुमार जीनगर सम्मानित होंगे

शाहपुरा । शाहपुरा के अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी पवन कुमार जीनगर का शिक्षा विभागीय राज्य स्तरीय मंत्रालयिक कर्मचारी पुरस्कार एवं सम्मान-2024 हेतु चयन किया गया हैं। जीनगर ने विभागीय दायित्वों के साथ कार्यालयी पद्धित में नवाचारी प्रयोग किये हैं, जो कि कार्यालय संचालन में प्रभावी रहे हैं।

साथ ही जीनगर ने शैक्षिक एवं सहशैक्षिक गतिविधियों के साथ विभिन्न सामाजिक सरोकार के कार्य यथा- पर्यावरण संरक्षण, रक्तदान, निर्वाचन, जनगणना, पशुगणना, नोडल केन्द्र आदि कार्य किये, साथ ही भामाशाहों को प्रेरित कर भौतिक विकास में अपना योगदान देकर उत्कृष्ट एवं प्रशंसनीय कार्य कर विभाग की प्रतिष्ठा बढ़ाई हैं। वर्तमान में पवन कुमार जीनगर राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय कनेछन कलां में अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं।शिक्षा निदेशालय राजस्थान बीकानेर के तत्वावधान में दिनांक 16 अप्रैल, 2025 को आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय मंत्रालयिक कर्मचारी पुरस्कार एवं सम्मान समारोह-2024 में जीनगर को सम्मानित किया जायेगा।गौरतलब हैं कि जीनगर अपने उत्कृष्ठ विभागीय एवं समाजिक सरोकार के कार्यों के लिए पूर्व में भी एक बार जिला स्तर पर एवं दो बार उपखण्ड स्तर पर सम्मानित हा चुके हैं।

देशव्यापी आंदोलन की चेतावनी

अजमेर, (कासं)।केंद्र सरकार द्वारा वित्त विधेयक 2025 के तहत पैंशन संशोधन कानून को अपनाने के फैसले के खिलाफ देशभर के पेंशनभोगियों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। गुरुवार को पोस्टमास्टर जनरल अजमेर दक्षिण कार्यालय के बाहर केंद्रीय सरकार पेंशनर्स एसोसिएशन राजस्थान के बैनर तले प्रदर्शन किया। पेंशनभोगियों का कहना है कि यह विधेयक उनके अधिकारों का हनन करता है और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के खिलाफ है। एसोसिएशन के उपाध्यक्ष बाबूलाल बारोलिया ने बताया कि इस वर्ष वित्त विधेयक 25 मार्च को लोकसभा में पारित किया गयाए पेंशनभोगियों को उनके सेवानिवृत्ति के आधार पर विभिन्न समूहों में वर्गीकृत करने की अनुमति देता है।

जीतो द्वारा नवकार महामंत्र का भव्य आयोजन

■ 108 देशों में आयोजन से विश्व रिकॉर्ड बनेगा

ब्यावर (निसं) अंतर्राष्ट्रीय संगठन जीतो अपेक्स द्वारा विश्व व्यापी तौर पर नवकार महामंत्र का भव्य आयोजन 9 अप्रैल को संपन्न होने जा रहा है। जीतों अपेक्स के सभी चेप्टर इसमें अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी अदा करेंगे। इसका मुख्य उद्देश्य वैश्विक स्तर पर इस महामंत्र को इसी दिवस पर मान्यता दिलवाने का है। केवल जैन समाज ही नहीं, अन्य सभी धर्म और समाज के लोगो को जोड़ना है।

स्थानीय स्तर पर जवाहर भवन विनोद नगर पर प्रात 8:01 से 9:36 तक आयोजन किया जाकर पूरे विश्व में एक साथ एक स्वर में महामंत्र गुंजायमान होगा। 9 अप्रैल को विज्ञान भवन में आयोजित भव्य, विशाल और गरिमा पूर्ण स्थान और समय पर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी भाग लेने की स्वीकृति प्रदान की है। इसी तरह देश के विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रीयो द्वारा अपने अपने राज्यों में आयोजित समारोह में शिरकत करने की स्वीकृति प्रदान की है। इस विराट और ऐतिहासिक समारोह को सफल बनाने के लिए सभी सदस्य गण कंधे से कंधा मिलाकर इस पल को इतिहास के पन्नों पर अंकित करने के लिए आवश्यक तैयारी कर रहे हैं। कार्यक्रम में भाग लेने के लिए रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है अत: सभी से निवेदन किया जा रहा है कि इस पावन आयोजन के लिए अपना रजिस्ट्रेशन करवा कर सहयोग करें। इससे पूर्व नमो रथ 7 अप्रैल को प्रात: 8:00 बजे महावीर स्तंभ अजमेरी गेट से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए शहर में भ्रमण कर जवाहर भवन पहुँचेगा जहां इसकी पूर्णाहुति होगी। इस अवसर पर आयोजित प्रेस वार्ता को जीतो के विभिन्न पदाधिकारी ने संबोधित किया। रतन कोठारी अध्यक्ष,चीफ सेक्रेटरी सुभाष ओसवाल, प्रोजेक्ट कन्वीनर वीणा नाहर प्रमुख है। इस अवसर पर कोठारी ने जीतो संगठन तथा उक्त आयोजन के बारे में विस्तार से बताया।

माली सेना की कार्यकारिणी घोषित

मदनगंज-किशनगढ,(निस)। माली सेना राजस्थान संस्थापक दिनेश भाटी प्रदेशाध्यक्ष किशन देवड़ा व अजमेर जिलाध्यक्ष हेमराज खारोलिया के आदेशानुसार किशनगढ़ माली सेना अध्यक्ष राजेश सैनी ने कार्यकारिणी घोषित की। कार्यकारिणी में कार्यकारी अध्यक्ष कैलाश माली नलू, संरक्षक ललित मालाकार को मनोनीत किया है ।

आम सूचना

मेरी माता पनुरी पत्नि चन्द्रा जाति जाट निवासी ग्राम दंड की ढाणी दादिया की मृत्यु दिनांक 1.1.2020 को मेरे निवास स्थान पर हो गई थी। जिसका पूर्व में इन्द्राज ग्राम पंचायत दादिया में नहीं करवाया था। अब मैं मेरी माता पनुरी का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अरांई तहसील कार्यालय में आवेदन किया है। मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने बाबत जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो 7 दिन में मय दस्तावेज स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति तहसीलदार के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगा।

-प्रार्थी : काना पुत्र चन्द्रा जाति जाट, निवासी ग्राम दंड की ढाणी, ग्राम दादिया, तह.अरांई(अजमेर)

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी नगर पालिका बोरावड़ जिला-डीडवाना-कुचामन

क्रमांक: न.प.बो./90ए/24-25/12 **लोक सूचना** दिनांक: 03/4/2025

इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि के निम्न खातेदार द्वारा गैर कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृ व अधिकारों के निर्वापन के लिए प्रस्तुत किया है।

क्र. सं.	आवेदक का नाम	जिले सहित तहसील का नाम	राजस्व ग्राम	खसरा नं.	क्षेत्रफल	प्रयोजनार्थ
1	कन्हैयालाल पुत्र गंगाराम, सुखाराम पुत्र हीराराम जाति जाट निवासी बोरावड़	तहसील मकराना जिला डीडवाना-कुचामन	बोरावड़	230/3	0.1619 हैक्टेयर	वाणिज्यक प्रयोजनार्थ

अत: इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस को प्रकाशन के 7 दिन के भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 3.4.2025 को जारी की गयी। प्राधिकृत अधिकारी
अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका बोरावड

दो विद्यार्थियों का भारतीय थल सेना में चयन

ब्यावर (निसं) मोहम्मद अली मेमोरियल उच्च माध्यमिक विद्यालय के दो छात्रों का भारतीय थल सेना में अग्नीवीर भर्ती मे चयन हुआ है। प्रधानाचार्य डॉ.अनीस अहमद ने बताया कि विद्यालय के छात्र साहिल काठात पुत्र भज्जा ने वर्ष 2024 में विद्यालय से कक्षा 12वीं उत्तीर्ण की तथा उसका भाई इमरान पुत्र भज्जा वर्तमान शैक्षिणक सत्र में कक्षा 12वीं विज्ञान में अध्ययनरत है। दोनो भाईयो का भारतीय थल सेना में अग्निवीर के तहत अंतिम रूप से चयन हुआ है। दोनो भाईयो का बुधवार को राजपुताना मोहम्मद अली मेमोरियल ट्रस्ट सोसायटी ब्यावर की ओर के अध्यक्ष मोहम्मद हारून छीपा, सचिव पप्पू काठात कर्बला मार्ग, हाजी मोहम्मद हनीफ सोरगर, मोहम्मद रफीक ने माला पहनाकर एवं मुंह मीठा करवाकर अभिनंदन किया तथा चयन होने पर बधाई दी। साहिल एवं इमरान ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय विद्यालय प्रशासन एवं विद्यालय में उपलब्ध बेहतर खेल सुविधाओं को दिया है। जिससे उनका चयन हुआ है।

नए वक्फ एक्ट से भ्रष्टाचार पर लगेगा अंकुश वक्फ बोर्ड के कार्य में आएगी पारदर्शिता

अजमेर, (कासं)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा की केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए नए वक्फ एक्ट बिल पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के अजमेर शहर अध्यक्ष शफीक खान ने बिल पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि संशोधित वक्फ बिल बदलाव और पारदर्शिता का प्रतीक होगा। बिल में संशोधन से वक्फ बोर्ड के कार्य में पारदर्शिता आएगी साथ ही भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा।

शफीक खान ने कहा कि वक्फ बोर्ड में जिन लोगों ने भ्रष्टाचार किया है, उन्हीं को इस बिल से तकलीफ है, वही लोग आम मुसलमान को इस कानून के खिलाफ डरा रहे थे, यह कानून आ जाएगा तो ऐसा हो जाएगा, मुसलमान की संपत्तियों पर कब्जा कर लिया जाएगा, जबकि यह कानून मुसलमान की भलाई के लिए ही और विकास के लिए ही लाया गया है। आम मुसलमान इसके पक्ष में है। उन्होंने कहा कि नए वक्फ एक्ट के आधार पर संपत्ति को ग?ीब मुसलमान की भलाई के लिए इस्तेमाल किया जाए।

गरीब मुसलमान को मिली राहत:

खान ने कह आज़ादी के इतने साल बाद भी अतिक्रमणकारियों ने वक्फ बोर्डों की मिलीभगत से संपत्तियों को निजी इस्तेमाल में लिया, ग?ीब मुसलमानों का हक़ उनको दिलवाने के लिए केंद्र सरकार ये बिल लाई है, जिसका हम स्वागत करते हैं एवं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलात मंत्री किरेन रिजिजू सहित भाजपा की केंद्र सरकार का शुक्रिया अदा करते हैं। साथ ही सरकार से अपील करते हैं कि जिन लोगों ने भ्रष्टाचार किया है, सभी की जांच हो और दंडित किया जाए। उन्होंने कहा कि भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा मुस्लिम समाज के लोगों के बीच जाकर इस नए बिल कानून के फायदे एवं मुस्लिम समाज के विकास कैसे होगा।

पवन कुमार जीनगर सम्मानित होंगे

शाहपुरा । शाहपुरा के अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी पवन कुमार जीनगर का शिक्षा विभागीय राज्य स्तरीय मंत्रालयिक कर्मचारी पुरस्कार एवं सम्मान-2024 हेतु चयन किया गया हैं। जीनगर ने विभागीय दायित्वों के साथ कार्यालयी पद्धित में नवाचारी प्रयोग किये हैं, जो कि कार्यालय संचालन में प्रभावी रहे हैं। साथ ही जीनगर ने शैक्षिक एवं सहशैक्षिक गतिविधियों के साथ विभिन्न सामाजिक सरोकार के कार्य यथा- पर्यावरण संरक्षण, रक्तदान, निर्वाचन, जनगणना, पशुगणना, नोडल केन्द्र आदि कार्य किये, साथ ही भामाशाहों को प्रेरित कर भौतिक विकास में अपना योगदान देकर उत्कृष्ट एवं प्रशंसनीय कार्य कर विभाग की प्रतिष्ठा बढ़ाई हैं। वर्तमान में पवन कुमार जीनगर राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय कनेछन कलां में अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं।

रिक्त पदों पर सुनहरा अवसर

■ मसूदा परियोजनाओं में विभिन्न पदों पर नियुक्ति की जाएगी

मसूदा । मसूदा पंचायत समिति के अंतर्गत आने वाली विभिन्न परियोजनाओं में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु विज्ञप्ति जारी की गई है। इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र आवश्यक दस्तावेजों सहित दो प्रतियों में संबंधित बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से अथवा पंजीकृत डाक के माध्यम से 21 अप्रैल 2025 को सायं 05 बजे तक जमा करवा सकते हैं। जिला कलेक्टर डॉ महेंद्र खडगावत ने बताया की आवेदन पत्र के साथ आवश्यक दस्तावेजों की दो प्रतियां संलग्न करना अनिवार्य है।

अधिक जानकारी के लिए संबंधित बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय से संपर्क करें और आवेदन निर्धारित समय सीमा में जमा करें।उप निदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग ब्यावर ने रिक्त पदों की जानकारी देते हुए बताया की यह भर्ती उन सभी योग्य अभ्यर्थियों के लिए सुनहरा अवसर है जो आंगनबाड़ी के क्षेत्र में कार्य करना चाहते हैं। आवेदन प्रक्रिया समय से पहले पूर्ण करें और अपने भविष्य को एक नई दिशा दें ।

मसूदा: दौलतपुरा प्रथम (दौलतपुरा) - सहायिका, देवमगरी (देवमगरी) - कार्यकर्त्ता, देवमगरी (देवमगरी) - सहायिका, रूपपुरा (देवमाली) - कार्यकर्त्ता, रूपपुरा (देवमाली) - सहायिका, मसूदा 7 (नगरपालिका) - सहायिका, कानपुरा (दौलतपुरा द्वितीय) - कार्यकर्त्ता, अम्बेडकर भवन (नगरपालिका विजयनगर) - कार्यकर्त्ता, अम्बेडकर भवन (नगरपालिका विजयनगर) - सहायिका, रेल का बाडिया (देवास) - सहायिका, शिखरानी-3 (शिखरानी) - सहायिका, झाक-3 (सेमला) - सहायिका इन जगहों पर नियुक्ति होगी।

कार्यालय नगर परिषद किशनगढ (अजमेर) राज.

क्रमांक : न.प.कि/ नाम हस्तांतरण / 2025 /1904 **आम सूचना** दिनांक: 03/04/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री महावीर राजोरा पुत्र श्री धन्नालाल निवासी-मैन रोड सावंतसर मदनगंज किशनगढ ने भोगपडत (खांचा भूमि) जिसका कुल क्षेत्रफल 78.33 वर्गगज है जिसकी सीमाऐ निम्न प्रकार से है-

पूर्व में : 20 फीट चौडा रास्ता — पश्चिम में : स्वयं का मकान
उत्तर में : पूरण वैष्णव का मकान — दक्षिण में : धन्नालाल का मकान

उक्त सीमा मध्य स्थित भोगपडत (खांचा भूमि) के तहत पट्टा जारी किये जाने में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो लिखित में सूचना प्रकाशन के 7 दिवस में प्रस्तुत करें बाद-मियाद किसी प्रकार की आपति/ ऐतराज मान्य नहीं होगा। अत: सूचित रहे।

आयुक्त नगर परिषद किशनगढ़

कार्यालय नगर परिषद किशनगढ़ (अजमेर) राज.

क्रमांकः न.प.कि./पा.अ./कृ.भू.नि./2025/20 **लोक सूचना** दिनांकः 03/4/2025

आवेदक श्री रंजन पाल पुत्र देवराज जाति बंगाली निवासी 78 बी कान्ति नगर पॉली थियेटर सिनेमा के सामने स्टेशन रोड जयपुर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का औद्योगिक प्रयोजनार्थ गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात्

तहसील और जिले का नाम	राजस्व ग्राम का नाम	खसरा सं.	क्षेत्रफल
किशनगढ़-अजमेर	कालीडूंगरी	550/539	खसरा नम्बर 550/539 क्षेत्रफल रकबा 0.459 हैक्टेयर यानि 4459.00 वर्गमीटर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस को प्रकाशन के 7 दिन के भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 3.4.2025 को जारी की गयी। आयुक्त नगर परिषद किशनगढ़

कार्यालय नगर परिषद किशनगढ़ (अजमेर) राज.

क्रमांकः न.प.कि./पा.अ./कृ.भू.नि./2025/23 **लोक सूचना** दिनांकः 03/4/2025

आवेदक मैसर्स इन्द्रप्रस्थ प्रो० सविता जैन पत्नि सकेश पाटनी जाति जैन निवासी पाटनी सदन शिवाजी नगर मदनगंज-किशनगढ़ तहसील किशनगढ़ जिला अजमेर राज0 ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का औद्योगिक प्रयोजनार्थ गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात

तहसील और जिले का नाम	राजस्व ग्राम का नाम	खसरा सं.	क्षेत्रफल
किशनगढ़-अजमेर	कालीडूंगरी	561/549	खसरा नम्बर 561/549 क्षेत्रफल रकबा 0.1118 हैक्टेयर यानि 1118.00 वर्गमीटर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस को प्रकाशन के 7 दिन के भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। आयुक्त नगर परिषद किशनगढ़

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 3.4.2025 को जारी की गयी।

कार्यालय नगर परिषद किशनगढ़ (अजमेर) राज.

क्रमांकः न.प.कि./पा.अ./कृ.भू.नि./2025/26 **लोक सूचना** दिनांकः 03/4/2025

आवेदक केशव मोर पुत्र विनोद मोर जाति अग्रवाल निवासी नया शहर कुचामन सिटी तहसील कुचामन जिला नागौर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का औद्योगिक प्रयोजनार्थ गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात

तहसील और जिले का नाम	राजस्व ग्राम का नाम	खसरा सं.	क्षेत्रफल
किशनगढ़-अजमेर	कालीडूंगरी	560/549	खसरा नम्बर 560/549 क्षेत्रफल रकबा 0.3531 हैक्टेयर यानि 3531.00 वर्गमीटर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस को प्रकाशन के 7 दिन के भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। आयुक्त नगर परिषद किशनगढ़

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 3.4.2025 को जारी की गयी।

चेटीचंड पखवाडे में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

■ सरकारी व प्राइवेट डॉक्टर्स ने दी अपनी सेवाएं

अजमेर । पूज्य झूलेलाल जयंती समारोह समिति की ओर से आयोजित चेटीचंड पखवाड़े के 14वें दिन ताराचंद हुंदलदास खानचंदानी सेवा संस्था श्री अमरापुर सेवा घर प्रगति नगर, कोटड़ा की ओर से चिकित्सा शिविर में आश्रम के आवासियों सहित 100 के करीब मरीजों का सरकारी व प्राईवट प्रशिक्षित डॉक्टर्स की टीम द्वारा नि:शुल्क परामर्श, जांचें व दवाईयां वितरित की गई। कार्यक्रम का प्रारम्भ में झूलेलाल की जोत जलाकर किया गया।

अध्यक्ष कंवल प्रकाश किशननी शिविर की जानकारी देते हुए बताया संस्था पिछले 2 वर्षों से लगातार सेवा के कार्य कर रहा है, स्वामी हिरदाराम की प्रेरणा से मानव सेवा ही माधव सेवा है, पथ पर यह शिविर लगाया गया है, जिसमें आवासियों के साथ शहरवासीयों ने इस शिविर का लाभ उठाया है।

कार्यक्रम संयोजक व ट्रस्टी डॉ. भरत छबलानी ने बताया कि मेडिकल चेकअप कैम्प में संस्था द्वारा चेटीचंड के उपलक्ष में पूरे शहर के नागरिकों के लिए शिविर लगाया गया है। जिसमें कार्यालय अधीक्षक सामूहिक चिकित्सा संघ, प्रमुख्या चिकित्सा अधिकारी राजकीय सैटेलाइट चिकित्सालय, कोटड़ा सहित शहर के प्राइवेट डॉक्टर्स ने अपनी सेवाएं दी। जिसमें डॉ अनुराग तिवारी सीनियर गैस्ट्रोलॉजी विभाग, ओम प्रकाश ईनानी सर्जन, डॉ दिलीप नागरवाल सहायक आचार्य न्यूरोलॉजी विभाग, डॉ गोविंद सिंह कटिहार, डॉ अजय महावर मेडिसिन, डॉ हिम्मत सिंह, डॉ जयप्रकाश केवलानी रेसपैटरी मेडिसिन, डॉ मनोहर गुरनानी एम डी शिशु रोग, डॉ दीपक मंघनानी एमसीएच यूरोलॉजी, डॉ भाविका मोरियानी फिजियोथैरेपिस्ट, डॉ माया गुरनानी एमडी स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ भूमिका भम्भानी होम्योपैथिक फिजिशियन, डॉ नमन गर्ग स्पीच थैरेपिस्ट, डॉ श्रेया श्रीवास्तव कान नाक व गला सर्जन, डॉ राजेंद्र हेड़ा ऑर्थोपेडिक कंसलटेंट, डॉ सुरेश जय सिंघानी फिजिशियन, डॉ संदीप रावत जे एल एन कार्डियोलॉजिस्ट परामर्श दिया व वहीं नर्सिंग ऑफिसर, लैब टैक्नीशियन, उच्छब लाल चौधरी, मनीष मीणा, मोहित चौहान, मनस्वी दाधीच, अंबिकेश दाधीच, गौरव वैष्णव, सनोज धाकड़, शोभित खींची, अमन सिंह, जितेंद्र कुमार वशिष्ठ, नगेंद्र सिंह, मोहम्मद फरमान ने सभी मरीजों की जांच की। डॉक्टर्स को अजमेर के इतिहास पर रचित पुस्तक अजमेर एट ए ग्लांस भेट की गई।

इस अवसर पर शंकर बदलानी ने संचालन, धन्यवाद गिरधर तेजवानी व परिचय रमेश टिलवाणी ने दिया। इस अवसर पर जी डी वरिंदानी, , लाल नाथानी, चंद्र नोतानी, ईसर भम्भानी, प्रकाश जेठरा, जयप्रकाश मंघानी, भगवान साधवानी, शंकर बदलानी, नरेंद्र कलवानी, भगवान कलवानी, मुकेश आहुजा उपस्थित रहे।

अधिकारियों ने नवनिर्माण कार्य की सराहना की

मदनगंज-किशनगढ़, (निस)। रोडवेज अधिकारियो ने आर के पाटनी केंद्रीय बस स्टैंड का अवलोकन कर लाखों रूपये की लागत से किये गए जीर्णोद्वार कार्य के लिए आर के पाटनी फाउंडेशन के प्रति आभार अभिव्यक्त किया। साथ ही भामाशाह घनश्याम अग्रवाल (कुचामन वाले) द्वारा पुराने बस स्टैंड को आधुनिक लुक में नव निर्माणाधीन कराने पर सराहना की। भाजपा नेता महेंद्र पाटनी ने बताया कि काफी समय से जर्जर हालात में पहुंच चुके पुराने बस स्टेण्ड का नव निर्माण कराने के लिये सार्थक प्रयास किये, जिसके चलते भामाशाह घनश्याम अग्रवाल ने बस स्टेण्ड की काया पलटने के लिये सहज भाव से स्वीकृति दी।

बेहतरीन बिल्डिंग का लगभग निर्माण कार्य पुरा हो चुका